प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी ने कहा है कि 4 जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई और तेज की जायेगी। झारखंड के दुमका हवाईअड्डा मैदान में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए श्रीमोदी ने आरोप लगाया कि झामुमो और कांग्रेस ने अपने कार्यकाल के दौरान चौबीस घंटे झारखंड को लूटा है और धन इकट्ठा किया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के भ्रष्ट मंत्रियों, सांसदों और अधिकारियों के यहां छापेमारी में भारी मात्रा में नकदी बरामद हुई है।

****

श्रीमोदी ने कहा कि 2014 से पहले देश की जनता कांग्रेस के कुशासन से तंग आ चुकी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि झामुमो, कांग्रेस, राजद और आई.एन.डी.आई. गठबंधन भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण का सबसे बड़ा मॉडल बन गया है। श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने देश को इन बुराइयों से मुक्त कराने का संकल्प लिया है। उन्होंने झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन पर राज्य में घुसपैठियों को संरक्षण देने और आदिवासी लोगों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। बता दें कि एक जून को अंतिम चरण के चुनाव के दौरान झारखंड के संताल क्षेत्र के तीन निर्वाचन क्षेत्रों गोड्डा, दुमका और साहिबगंज में मतदान होगा।

****

साहिबगंज और पाकुड़ में आज झारखंड मुक्ति मोर्चा नेत्री कल्पना सोरेन की चुनावी सभा होगी। इंडी गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी विजय हांसदा के समर्थन में कल्पना सोरेन साहिबगंज के उधवा स्थित इंग्लिश मैदान में सभा को संबोधित करेंगी। वहीं पाकुड़ के शक्ति घाटा मैदान में भी दोपहर बाद उनकी एक चुनावी सभा होगी।

****

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ग्रामीण विकास विभाग के पूर्व सचिव मनीष रंजन से आज प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने पूछताछ शुरू कर दी है। सुबह 11 बजे मनीष रंजन ईडी कार्यालय पहुंचे। मनीष रंजन को इससे पहले पूछताछ के लिए 24 मई को समन कर बुलाया गया था लेकिन वे नहीं गए थे। उन्होंने ईडी को पत्र भेजकर आग्रह किया था कि पूछताछ के लिए उन्हें समय दिया जाए।

****

जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नियमित जमानत याचिका पर आज झारखंड उच्च न्यायालय में जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय की वेकेशन बेंच में सुनवाई हुई, लेकिन उन्हें तत्काल राहत नहीं मिल पाई है। ईडी ने इस मामले में जवाब दाखिल करने और पक्ष रखने के लिए और समय की मांग की है।

****

देवघर के उपायुक्त विशाल सागर ने जिले के सभी छोटे–बड़े सरकारी और निजी अस्पतालों में सुरक्षा मानकों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी अस्पतालों में फायर अलार्म, फायर स्मोक डिटेक्टर, फायर एक्सटिंग्वशर सहित अन्य उपकरणों को दुरूस्त कराने का निर्देश दिया है।

****

देवघर में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन ने 1 जून को सभी सरकारी और निजी कार्यालयों तथा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में अवकाश की घोषणा की है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता –

****

पाकुड़ जिले के हिरणपुर थाना क्षेत्र में आज सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया है, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान कुलेश साहा के रूप में की गई है।

****

झारखंड में इस वर्ष जून महीने में सामान्य से कम बारिश का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने किया है। मौसम विभाग के अनुसार पलामू प्रमंडल में जून महीने में लू चल सकती है। वहीं तापमान में भी उतार चढ़ाव देखा जा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में आए तूफान रेमल का आंशिक असर भी झारखंड में देखा गया। इसकी वजह से संताल और कोल्हान के कुछ हिस्सों में बादल छाए रहे और बारिश हुई। आज चतरा लातेहार गढ़वा और पलामू को छोड़ कई जिलों में बारिश होने की संभावना है।

*******समाप्त***********